# अध्याय 12

# विलोम शब्द

शब्दों के अपने निश्चित अर्थ होते हैं। इसके विपरीत अर्थ को वहन करने वाले शब्द **विपरीतार्थक** अथवा **विलोम शब्द** कहलाते हैं। संज्ञा के विपरीतार्थक शब्द संज्ञा तथा विशेषण के विपरीतार्थक शब्द सर्वदा विशेषण ही होते हैं। विपरीतार्थक शब्दों की रचना कई प्रकारों से होती है। कभी मूल शब्द में उपसर्ग लगाकर विपरीतार्थक शब्द बनाया जाता है तो कभी-कभी पूर्णतया कोई भिन्न शब्द भी विपरीत अर्थ के लिए प्रयुक्त होते हैं। विपरीतार्थक शब्द बनाने के लिए सात नियम हैं—

1. **लिंग परिवर्तन द्वारा**
   जैसे—भाई-बहन, लड़का-लड़की इत्यादि
2. **उपसर्ग की सहायता से**
   जैसे—आस्था-अनास्था, ईश्वर-अनीश्वर इत्यादि
3. **नञ् समास के पद रूप में**
   जैसे—सार्थक-निरर्थक, सनाथ-अनाथ इत्यादि
4. **भिन्न जातीय शब्दों द्वारा**
   जैसे—स्वतन्त्र-परतन्त्र, अन्तर्मुखी-बहिर्मुखी इत्यादि
5. **प्रत्यय के समान प्रयोग द्वारा**
   जैसे—उदयाचल-अस्ताचल, विशालकाय-सूक्ष्मकाय इत्यादि
6. **प्रचलित शब्दों द्वारा**
   जैसे—अमृत-विष, अधम-उत्तम इत्यादि
7. **स्वतन्त्र शब्दों द्वारा**
   जैसे—अधूरा-पूरा, अमीर-गरीब इत्यादि

## महत्त्वपूर्ण विलोम शब्द

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| अनाथ | सनाथ | असभ्य | सभ्य |
| अवनति | उन्नति | अनावरण | आवरण |
| अल्पायु | दीर्घायु | अशुभ | शुभ |
| अवनत | उन्नत | अकर्मण्य | कर्मण्य |
| अपेक्षा | उपेक्षा | अज्ञानी | ज्ञानी |
| अग्रज | अनुज | आकर्षण | विकर्षण |
| अधम | उत्तम | अनुचित | उचित |
| अन्धकार | प्रकाश | आत्मा | अनात्मा |
| अन्तर्द्वन्द्व | बहिर्द्वन्द्व | आदान | प्रदान |
| अक्षम | सक्षम | आस्था | अनास्था |
| अनुकूल | प्रतिकूल | आज्ञा | अवज्ञा |
| अतिवृष्टि | अनावृष्टि | अपकर्ष | उत्कर्ष |
| अनभिज्ञ | भिज्ञ | इहलौकिक | पारलौकिक |
| अगम | सुगम | इच्छा | अनिच्छा |
| अतल | वितल | ईश्वर | अनीश्वर |
| अवनि | अम्बर | ईमानदार | बेईमान |
| अस्त | उदय | दुर्जन | सज्जन |
| उत्तीर्ण | अनुत्तीर्ण | ध्वंस | निर्माण |
| उत्कृष्ट | निकृष्ट | नूतन | पुरातन |
| उत्थान | पतन | न्यून | अधिक |
| उत्साह | निरुत्साह | निरक्षर | साक्षर |
| उदात्त | अनुदात्त | परमार्थ | स्वार्थ |
| उन्मुख | विमुख | प्रत्यक्ष | परोक्ष |

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| उपयोग | दुरुपयोग | बहिरंग | अन्तरंग |
| उपस्थिति | अनुपस्थिति | भूत | भविष्य |
| उपयोगी | अनुपयोगी | भौतिक | आध्यात्मिक |
| ऊर्ध्वमुख | अधोमुख | महात्मा | दुरात्मा |
| ऐश्वर्य | अनैश्वर्य | संयोग | वियोग |
| कीर्ति | अपकीर्ति | लिप्त | निर्लिप्त |
| कृतज्ञ | कृतघ्न | लौकिक | अलौकिक |
| कृत्रिम | प्राकृत | सगुण | निर्गुण |
| कनिष्ठ | ज्येष्ठ | सजीव | निर्जीव |
| कर्मण्य | अकर्मण्य | सबल | दुर्बल |
| कठोर | मसृण | पाश्चात्य | पौरस्त्य, प्राच्य |
| कायर | निडर | पूर्ववर्ती | उत्तरवर्ती |
| गहरा | छिछला | संकल्प | विकल्प |
| गृहस्थ | संन्यासी | स्मरण | विस्मरण |
| घृणा | प्रेम | श्रव्य | दृश्य |
| चपल | गम्भीर | शयन | जागरण |
| जटिल | सरल | क्षणिक | शाश्वत |
| ज्वार | भाटा | प्रेषण | प्रेषित |
| जीवित | मृत | प्रवेश | प्रस्थान |
| तिमिर | प्रकाश | सत्य | मिथ्या |
| तीक्ष्ण | कुण्ठित | आदर | अनादर |
| तटस्थ | पक्षपाती | संक्षेप | विस्तार |

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| त्याज्य | ग्राह्य | विष | अमृत |
| क्षमा | दण्ड | सार्थक | निरर्थक |
| शोषक | पोषक | विधि | निषेध |
| ह्रास | विकास | विशेष | सामान्य |
| क्षुद्र | विराट | निराकार | साकार |
| स्वकीय | परकीय | उपसर्ग | परसर्ग |
| सदुपयोग | दुरुपयोग | संकीर्ण | विस्तीर्ण |
| सूक्ष्म | स्थूल | सक्षम | अक्षम |
| सत्कार | तिरस्कार | भूतकाल | भविष्यत्काल |
| सम्मान | अपमान | शोभनीय | अशोभनीय |
| सौभाग्य | दुर्भाग्य | शिथिल | स्फूर्त |
| सुलभ | दुर्लभ | विलम्ब | अविलम्ब |
| सद्भावना | दुर्भावना | व्यष्टि | समष्टि |
| हित | अहित | सम्पृक्त | असम्पृक्त |

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| आग्रह | दुराग्रह | लुप्त | व्यक्त |
| उर्वर | अनुर्वर | सजल | निर्जल |
| बाढ़ | सूखा | विस्तृत | संक्षिप्त |
| शीत | उष्ण | सौम्य | उग्र |
| वसन्त | पतझड़ | पतनोन्मुख | विकासोन्मुख |
| उत्तरायण | दक्षिणायण | पराजेय | अपराजेय |
| हिंसा | अहिंसा | पापी | पुण्यात्मा |
| घात | प्रतिघात | निराधार | साधार |
| उत्सर्पिणी | अवसर्पिणी | निर्दय | सदय |
| गुरु | लघु | आविर्भाव | तिरोभाव |
| गमन | आगमन | अनुलोम | प्रतिलोम |
| कपटी | निष्कपट | अनुरक्ति | विरक्ति |
| जड़ | चेतन | आयात | निर्यात |
| पुरस्कार | तिरस्कार | एकेश्वरवाद | बहुदेववाद |

# अभ्यास के लिए प्रश्न

**निर्देश** (प्र.सं. 1-30) *नीचे दिए गए शब्दों के विपरीतार्थक शब्द (विकल्पों में आए शब्दों से) चुनकर सही उत्तर के विकल्प को चिह्नित करें।*

**1.** अवनि
(a) अम्बर (b) तारे
(c) समुद्र (d) पर्वत

**2.** अन्तर्द्वन्द्व
(a) बहिर्द्वन्द्व (b) द्वन्द्वहीनता
(c) अर्दन्द (d) द्वन्द्व

**3.** प्रवृत्ति
(a) प्रकृति (b) निवृत्ति
(c) प्रकृत (d) प्राकृतिक

**4.** राजतन्त्र
(a) गणतन्त्र (b) स्वतन्त्र
(c) परतन्त्र (d) प्रजातन्त्र

**5.** उत्थान
(a) प्रस्थान (b) पतन
(c) विस्थापन (d) अनुत्थान

**6.** संयोग
(a) वियोग (b) योग
(c) सुयोग (d) कुयोग

**7.** विशिष्ट
(a) अवशिष्ट (b) साधारण
(c) सुदिष्ट (d) विशेष

**8.** अलगाव
(a) विलगाव (b) लगाव
(c) अनलगाव (d) स्वार्थ

**9.** अर्जन
(a) गर्जन (b) विसर्जन
(c) व्ययन (d) सृजन

**10.** असीम
(a) अनन्त (b) ससीम
(c) सुसीम (d) निकट

**11.** अवनत
(a) विनत (b) अभिनत
(c) उन्नत (d) सुनत

**12.** अर्वाचीन
(a) नवीन (b) प्राचीन
(c) आदिकालीन (d) पाषाणकालीन

**13.** अनुग्रह
(a) दण्ड (b) कृपा
(c) अनुतोष (d) आग्रह

**14.** अवतल
(a) समतल (b) उत्तल
(c) उभयोत्तल (d) समयोत्तल

**15.** अभिजात्य
(a) कुलीन (b) सामान्य
(c) अकुलीन (d) वंचित

**16.** उल्लास
(a) हर्ष (b) विषाद
(c) कष्ट (d) नैराश्य

**17.** एकाधिकार
(a) स्वामित्व (b) सर्वाधिकार
(c) सम्पत्ति (d) कर्त्तव्य

**18.** कनिष्ठ
(a) समान (b) वशिष्ठ
(c) समकक्ष (d) वरिष्ठ

**19.** अगम्य
(a) सुगम्य (b) गन्तव्य
(c) चराचर (d) गम्य

**20.** ज्योत्स्ना
(a) कालिमा (b) रात्रि
(c) तामिस्र (d) निशा

**21.** दयालु
(a) उदार (b) कठोर
(c) निर्दय (d) सदय

**22.** विस्तीर्ण
(a) संकीर्ण (b) विकीर्ण
(c) विकिरण (d) प्रकीर्णन

**23.** विकसित
(a) अविकसित (b) विकासशील
(c) विकासहीन (d) अल्पविकसित

**24.** विहित
(a) निहित (b) निषिद्ध
(c) ग्रहित (d) सुहित

**25.** दीर्घकाय
(a) विशालकाय (b) लघुकाय
(c) कृशकाय (d) देवकाय

**26.** निष्काम
(a) सकाम (b) विश्राम
(c) अकाम (d) अकर्मण्य

**27.** बहिष्कार
(a) हड़ताल (b) स्वीकार
(c) समर्थन (d) विरोध

**28.** सुलभ
(a) लभ्य (b) दुर्लभ
(c) असहज (d) सर्वसुलभ

**29.** सविकार
(a) विकारयुक्त (b) निर्विकार
(c) अविकारी (d) विकारी

**30.** हृदयहीन
(a) हृदययुक्त (b) सहृदय
(c) निर्दय (d) साहसी

**31.** 'राजा' शब्द का विपरीतार्थक शब्द होगा
(a) रानी (b) गरीब
(c) अमीर (d) प्रजा

**32.** 'पूर्णिमा' शब्द का विपरीतार्थक शब्द होगा
(a) विभावरी (b) निशीथ
(c) अमावस्या (d) कालिमा

**33.** 'वक्र' का विपरीतार्थक शब्द क्या होगा?
(a) ऋजु (b) अक्र
(c) क्षम (d) कठोर

**34.** निम्नलिखित में 'राग' शब्द का विलोम क्या होगा?
(a) विराग (b) अनुराग
(c) ईर्ष्या (d) द्वेष

**35.** निम्न में 'ऊसर' का विलोम क्या होगा?
(a) बंजर (b) मरुभूमि
(c) उपजाऊ (d) उर्वर

**36.** निम्न में 'आदि' शब्द का विलोम क्या है?
(a) प्रथम (b) अन्तिम
(c) अन्त (d) आद्य

**37.** निम्नलिखित में 'हर्ष' का विलोम क्या है?
(a) विषाद (b) खेद
(c) वेदना (d) दुःख

**38.** निम्न में 'उपेक्षा' शब्द का विपरीतार्थक शब्द क्या होगा?
(a) सापेक्ष (b) अपेक्षा
(c) आदर (d) सम्मान

**39.** निम्न में कौन-सा शब्द 'निन्दा' शब्द का विपरीतार्थक है?
(a) दोषारोपण (b) स्तुति
(c) कृतज्ञ (d) सम्मान

**40.** 'आस्तिक' का विपरीतार्थक शब्द क्या है?
(a) अन्ध आस्था (b) अन्धविश्वासी
(c) नास्तिक (d) रूढ़िवादी

**निर्देश** (प्र. सं. 41-45) *दिए गए प्रत्येक वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति उसी वाक्य में काले 'शब्द' के उपयुक्त विलोम द्वारा की जाती है। इसके लिए चार-चार विकल्प प्रस्तावित हैं। उचित विकल्प का चयन कीजिए।*

**41.** रवि **अनाथ** था, लेकिन मल्होत्रा परिवार ने गोद लेकर उसे ……… बना दिया।
(a) बेघर (b) असभ्य
(c) सनाथ (d) नाथ

**42.** यह सब तो प्राची की **इच्छा** ……… पर निर्भर है।
(a) अनिच्छा (b) इक्षा
(c) ईष्या (d) लिप्सा

**43.** प्रभु का अवलम्ब **दुर्बल** मनुष्य को भी ……… बना देता है।
(a) प्रबल (b) निर्बल
(c) विबल (d) सबल

**44.** सूरदास जी **सगुण** शाखा के कवि थे, परन्तु कबीर जी ……… शाखा के कवि थे।
(a) अगुण (b) निर्गुण
(c) निगुण (d) विगुण

**45.** ईश्वर **सत्य** है, परन्तु जगत् ……… है।
(a) सच (b) झूठ
(c) मिथ्या (d) शाश्वत

## विगत वर्षों के प्रश्न

**निर्देश** (प्र. सं. 46-57) *दिए गए शब्दों का उपयुक्त विलोम बताने के लिए चार-चार विकल्प प्रस्तावित हैं। उचित विकल्प का चयन कीजिए।*

**46.** यथार्थ [SSC कांस्टेबल, 2015]
(a) स्वप्न (b) विचार
(c) उड़ान (d) कल्पना

**47.** यौवन [SSC कांस्टेबल, 2015]
(a) जीत (b) मृत्यु
(c) पराजय (d) जरा

**48.** प्रतिवादी [SSC कांस्टेबल, 2015]
(a) आरोपी (b) संवादी
(c) विपक्षी (d) वादी

**49.** पक्ष [SSC कांस्टेबल, 2015]
(a) सपक्ष (b) विपक्ष
(c) अपक्ष (d) सापेक्ष

**50.** लौकिक [SSC कांस्टेबल, 2013]
(a) परलोक (b) इहलोक
(c) अलौकिक (d) भूलोक

**51.** अनुरक्ति [SSC कांस्टेबल, 2013]
(a) आसक्ति (b) विरक्ति
(c) भक्ति (d) शक्ति

**52.** अविश्वास [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) श्वास (b) विश्वास
(c) सन्तोष (d) उच्छ्वास

**53.** उदय [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) अस्त (b) लाल
(c) भासित (d) बलिष्ठ

**54.** पुण्य [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) दोष (b) असंगति
(c) पाप (d) पीड़ा

**55.** अनुकूल [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) प्रतिरूप (b) विरूप
(c) दुकूल (d) प्रतिकूल

**56.** सबल [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) निर्बल (b) समर्थ
(c) अक्षम (d) संबल

**57.** लोक [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) संसार (b) परलोक
(c) अन्तर्जगत (d) परजगत

**निर्देश** (प्र.सं. 58-61) *दिए गए प्रत्येक वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति उसी वाक्य में काले शब्द के उपयुक्त विलोम द्वारा की जानी है। इसके लिए चार-चार विकल्प प्रस्तावित हैं। उचित विकल्प का चयन कीजिए।*

**58.** भारतीय दृष्टि **आध्यात्मिक** है जबकि पाश्चात्य दृष्टि का आधार ….. है। [SSC कांस्टेबल, 2011]
(a) भौतिक (b) पदार्थवादी
(c) निरीश्वरवादी (d) विभाजन

**59.** **स्वच्छ** जल के अभाव में हमें ……… जल पीकर ही प्यास बुझानी पड़ी। [SSC कांस्टेबल, 2011]
(a) दूषित (b) तप्त
(c) शीतल (d) उष्ण

**60.** पन्द्रह अगस्त उन्नीस सौ सैंतालीस को भारत ने **परतन्त्रता** की जंजीरें तोड़कर ….. प्राप्त की। [SSC कांस्टेबल, 2011]
(a) स्वतन्त्रता (b) पराधीनता
(c) स्वच्छन्दता (d) संवैधानिकता

**61.** उसका हृदय इतना कोमल है कि **मित्र** तो क्या वह अपने ……. को भी चोट नहीं पहुँचा सकता। [SSC कांस्टेबल, 2011]
(a) सहयोगी (b) शत्रु
(c) प्रतिरोधी (d) विपक्षी

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (a) | 3. | (b) | 4. | (a) | 5. | (b) | 6. | (a) | 7. | (b) | 8. | (a) | 9. | (c) | 10. | (b) |
| 11. | (c) | 12. | (b) | 13. | (a) | 14. | (b) | 15. | (b) | 16. | (b) | 17. | (b) | 18. | (d) | 19. | (a) | 20. | (c) |
| 21. | (c) | 22. | (a) | 23. | (a) | 24. | (a) | 25. | (c) | 26. | (a) | 27. | (b) | 28. | (b) | 29. | (b) | 30. | (b) |
| 31. | (a) | 32. | (c) | 33. | (a) | 34. | (a) | 35. | (d) | 36. | (c) | 37. | (a) | 38. | (b) | 39. | (b) | 40. | (c) |
| 41. | (c) | 42. | (a) | 43. | (d) | 44. | (b) | 45. | (c) | 46. | (d) | 47. | (d) | 48. | (d) | 49. | (b) | 50. | (c) |
| 51. | (b) | 52. | (b) | 53. | (a) | 54. | (c) | 55. | (d) | 56. | (a) | 57. | (b) | 58. | (b) | 59. | (a) | 60. | (a) |
| 61. | (b) | | | | | | | | | | | | | | | | | | |